

# चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के अपग्रेड के बारे में

# अपने विचार रखें




**चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर को एक जीवंत सार्वजनिक स्थान में बदल दिया जाएगा, जो पैरामाटा नदी की शान बढ़ाते हुए हमारे शहर के लिए एक सुलभ प्रवेश बिंदु होगा।**

CITY OF PARRAMATTA



सिटी ऑफ़ पैरामाटा, पैरामाटा सिटी रिवर फोरशोर की कायापलट करने पर काम कर रही है। पैरामाटा क्वे में चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर को अपग्रेड करने से यह स्थान सामुदायिक मेलमिलाप के लिए एक आकर्षक और उपयोगी सार्वजनिक स्थान बन जाएगा।

एस्कार्पमेंट बोर्डवॉक के साथ इन परियोजनाओं से पैरामाटा क्वे का पुनरुत्थान होगा, जो हमारे शहर का ख़ास प्रवेश बिंदु बन जाएगा।

चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर को समुदाय के सभी सदस्यों की ज़रूरतें पूरी करने वाला आकर्षक सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए समुदाय का फीडबैक ज़रूरी है।

सिटी ऑफ़ पैरामाटा इस रोमांचक परियोजना के बारे में आपकी प्रतिक्रिया को महत्व देता है और इस डिज़ाइन को और अच्छा बनाने में मदद पाने के लिए आपको अपनी प्रतिक्रिया देने का अनुरोध करता है।



## पैरामाटा क्वे को साकार करना

चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर का प्रस्तावित अपग्रेड, नगर की पैरामाटा सिटी की नदी की रणनीति को पूरा करने की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है और वर्तमान में पैरामाटा क्वे के पुनरुत्थान और पैरामाटा सिटी रिवर फोरशोर के कायाकल्प के लिए हो रहे निवेश का भाग है, जिनके 2022 में पूरा होने की आशा है।




*चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के डिज़ाइन की परिकल्पना का मसौदा उन कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं में शामिल है, जिसका उद्देश्य पैरामाटा के सिडनी सेंट्रल रिवर सिटी के तौर पर की गई कल्पना को साकार करना है।*

## समय सारणी

○ **अपने विचार रखें** हम हाज़िर हैं यहाँ
● लोगों और हितधारकों का जुड़ाव

- **2015** – पैरामाटा सिटी की नदी की रणनीति
- **2017** – चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर रणनीति
- **2019** – चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के डिज़ाइन की परिकल्पना का मसौदा
- **2020 के मध्य में** – चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर की परिकल्पना का अंतिम डिज़ाइन
- **2020 के अंत में** – चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर हेतु योजना की स्वीकृति
- **अप्रैल 2021** – निर्माण कार्य शुरु होगा
- **अप्रैल 2022** – निर्माण कार्य पूरा होगा

## चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर

पैरामाटा क्वे में फेरी व्हार्फ से सटे चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर पर पैरामाटा नदी के किनारे यात्रा करने वाले लोग हमारे नगर में पहुंचते हैं। यह स्थानीय लोगों और आगंतुकों के इकट्ठे होने की जगह है और ऐसा हजारों वर्षों से होता आ रहा है।

प्रमुख हितधारकों के साथ आज तक हुए परामर्श के आधार पर चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के डिज़ाइन की परिकल्पना के मसौदे में बाढ़-प्रतिकूल और सततशील डिज़ाइन के तत्व शामिल किये गए हैं। इसका उद्देश्य एक सार्वजनिक सभा स्थल बनाना है, जो नौकाओं में यात्रा करने वालों को आगमन का विशिष्ट अनुभव देता है और नदी किनारे से नगर तक सुलभ, आसान संपर्क प्रदान करता है।

डिज़ाइन की परिकल्पना नदी की घुमावदार आकृति, आसपास की ढलान और पेड़ों के नज़ारे और इस जगह के अनूठे इतिहास से प्रेरित है।

डिज़ाइन की विशेषताओं में इस स्थान की सभा स्थल के रूप में परिकल्पना की गई है और इनमें पैरामाटा क्वे को नदी के किनारे ताजे और खारे पानी के संगम, 'कुलदेवता का निवास स्थान', और समुदाय के मेलमिलाप की जगह के तौर पर पहचान दी गई है।

संकेतक, प्रकाश व्यवस्था और फर्नीचर के चयन सहित डिज़ाइन के तत्व स्वच्छ, समकालीन सार्वजनिक स्थल के निर्माण पर केंद्रित हैं।

रैंप और सीढ़ियों के उपयोग से परिसर तक पहुंच को बेहतर बनाया गया है ताकि लोग नदी के किनारे से नगर के किनारे तक आसानी से जा सकें या स्थल के भीतर चार अलग-अलग सभा स्थल घूमकर देख सकें: रिवरफ्रंट वॉक, गार्डन टेरेस, रिवर एम्फीथिएटर और पब्लिक स्क्वायर।




## मुख्य बिंदु

**रिवरफ्रंट वॉक (Riverfront Walk)**

1. इमारती लकड़ी से बना आश्रय
2. लोक कला
3. रैंप वाले पैदल पथ
4. सीढ़ियाँ

**रिवर एम्फीथिएटर (River Amphitheatre)**

5. फूलों का प्रदर्शन
6. बैठने की सीढ़ीदार जगह
7. मौजूदा पेड़
8. पेड़ों का प्रस्तावित काटना
9. नए पेड़

**गार्डन टेरेस (Garden Terrace)**

10. बेंच सीटिंग
11. पीने का फव्वारा
12. बाइक की पार्किंग
13. भविष्य का फेरी स्थल कार्यालय
14. भविष्य के स्टोर का स्थान

**पब्लिक स्क्वायर (Public Square)**

15. फ़ीचर ट्री और बैठने की जगह
16. जानकारी के लिए घूमता फिरता कियोस्क (स्थानों के कई विकल्प)
17. सार्वजनिक सुविधाएं
18. मौजूदा ड्राइववे
19. स्टोर रूम (निम्न स्तर)



## रिवर एम्फीथिएटर और पब्लिक स्क्वायर

नगर के किनारे, फ़ीचर ट्री वाला आकर्षक पब्लिक स्क्वायर आगंतुकों का स्वागत करता है। नदी के किनारे पर बैठने की सीढ़ीदार जगह और घुमावदार एम्फीथियेटर लोगों को एकत्र होने, क्वे के दृश्यों का आनंद लेने या विशेष आयोजन करने और सार्वजनिक जश्न मनाने का बुलावा देता है।

सततशीलता और बाढ़-प्रतिकूलता सुनिश्चित करने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले ठोस कंक्रीट और पुनर्नवीनीकृत ऑस्ट्रेलियाई हार्ड लकड़ी से निर्मित, यह क्षेत्र प्राकृतिक ढलान और नदी के किनारे का आकार दर्शाता है, और यहां के पुराने और नए लगाए गए वृक्ष छाया देने के अलावा पार्कलैंड का अनुभव भी देते हैं।



### गार्डन टेरेस

मध्यम स्तर की इस टैरेस पर बाहर बैठ कर भोजन करने और सार्वजनिक तौर पर बैठने का प्रावधान है।

## रिवरफ्रंट वॉक

एक खुला, 6 मीटर चौड़ा रिवरफ्रंट प्रोमिनेड नौका से आने वाले आगंतुकों का स्वागत करता है और एक नई छायादार कैनोपी आराम करने और नदी के नज़ारों का आनंद लेने का स्थान देती है। सीढ़ियां और कई रैंप आगंतुकों को नदी के किनारे से नगर के किनारे तक जाने के लिए आकर्षित करते हैं, जिसमें वे सीधा रास्ते से जा सकते हैं या रुक कर चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के हरेक स्तर पर बनाए गए सभा स्थलों को देख सकते हैं।

चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर एक नई, बड़ी सार्वजनिक कलाकृति, जिसमें मूर्तिकला और नदी की एस्कार्पमेंट पर प्रोजेक्शन के ज़रिये पैरामाटा और यहां के निवासियों की कहानियां सुनायी जाएंगी।



# अपने विचार रखें

अधिकजानकारी पाने और अपने विचार देने के लिए काउंसिल के संपर्क पोर्टल www.oursay.org/cityofparramatta पर जाएं।

आप 'अपने विचार रखें' बटन पर क्लिक कर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। यह जानकारी अरबी, अंग्रेजी, हिंदी, कोरियाई और सरलीकृत चीनी भाषाओं में उपलब्ध है।

## ईमेल और डाक सबमिशन

प्रस्तावित डिज़ाइन की परिकल्पना आगंतुकों हेतु आकर्षक प्रवेश बिंदु बनाने और नदी तक सार्वजनिक पहुंच बेहतर करने की इच्छा किस हद तक पूरी करती है - सबमिशन में इस पर बात की जानी चाहिये। आप डिज़ाइन के तत्वों पर भी टिप्पणी कर सकते हैं।

**ईमेल:** CharlesStSquare@cityofparramatta.nsw.gov.au

**डाक से सबमिशन:**
Chief Executive Officer
City of Parramatta Council
PO Box 32, Parramatta NSW 2124
ध्यान दें:
City Transformation Team
विषय:
Charles Street Square Upgrade

**सभी सबमिशन शाम 4.30 बजे, सोमवार 16 मार्च 2020 तक जमा कराई जानी चाहिए।**

## अधिक जानकारी और सामुदायिक ड्रॉप-इन्स

चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के प्रस्तावित अपग्रेड से जुड़ी जानकारी हमारे हर पुस्तकालय, पैरामाटा हेरिटेज एंड विज़िटर इन्फॉर्मेशन सेंटर, 346A Church Street और कॉउन्सिल के ग्राहक संपर्क केंद्र 126 Church Street Parramatta में उपलब्ध है।

चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर के डिजाइन की परिकल्पना के मसौदे पर चर्चा करने और सामुदायिक ड्रॉप-इन सत्रों में आपको अपनी प्रतिक्रिया देने में आपकी मदद करने हेतु परियोजना अधिकारी उपलब्ध होंगे।

समुदाय ड्रॉप-इन तिथियों और स्थानों सहित और अधिक जानकारी के लिए, कृपया चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर परियोजना पृष्ठ www.oursay.org/cityofparramatta पर जाएँ।

## अधिक जानकारी पाने के लिए मैं किस से संपर्क कर सकता हूँ?

सिटी ऑफ़ पैरामाटा को 1300 617 058 पर कॉल कर चार्ल्स स्ट्रीट स्क्वायर प्रोजेक्ट टीम से संपर्क करें या CharlesStSquare@cityofparramatta.nsw.gov.au पर ईमेल करें।

परियोजना से जुडी जानकारी कॉउंसिल के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, देखें www.cityofparramatta.nsw.gov.au/charles-st-square

CITY OF PARRAMATTA